
स्वागत | खुली जीप में निकली ऐतिहासिक रैली के दौरान प्रशंसकों ने फूलों की वर्षा कर किया स्वागत

# तनिष्क शुक्ला के संस्कारधानी आगमन पर उमड़ा प्रशंसकों का सैलाब

**नवभारत, जबलपुर।** 'इंडियन आइडल-16' के ग्रैंड फिनाले से पहले शो के फाइनलिस्ट तनिष्क शुक्ला गुरुवार को अपने शहर जबलपुर पहुंचे। शहरवासियों द्वारा मिले अपार स्नेह के प्रति आभार व्यक्त करने तथा ग्रैंड फिनाले के लिए आशीर्वाद लेने पहुंचे तनिष्क का पूरे शहर में ऐतिहासिक और भव्य स्वागत किया गया। सोनी टीवी की विशेष टीम के साथ पहुंचे तनिष्क की झलक पाने के लिए प्रशंसकों का उत्साह देखते ही बन रहा था और हर ओर 'वोट फॉर तनिष्क' के नारों की गूंज सुनाई दी। सुबह 9 बजे सिविल लाइंस स्थित आदर्श महाकौशल कॉलेज से भव्य नागरिक अभिनंदन के साथ स्वागत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जहां आयोजन समिति एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें पुष्पमालाओं, शॉल और स्मृति-चिह्न भेंट कर शुभकामनाएं दीं।




### खुली जीप में निकली ऐतिहासिक स्वागत रैली

दोपहर में तनिष्क शुक्ला खुली जीप में सवार होकर शहर भ्रमण पर निकले। स्वागत रैली के दौरान पूरे मार्ग में प्रशंसकों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने हाथों में पोस्टर लेकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा कई स्थानों पर उनके साथ सेल्फी ली। यह स्वागत रैली आधारताल स्थित रवींद्र नगर (गेट नंबर-5, जेडीए कॉलोनी) में स्थित तनिष्क के निवास पर पहुंचकर संपन्न हुई, जहां ब्राह्मण समाज, कलचुरी कलार समाज, त्रिपुरी वूमेंस क्लब, जबलपुर उत्तरप्रदेश-बिहार महासंघ, त्रिपुरी वरिष्ठ नागरिक महासंघ और आदिवासी समाज सहित विभिन्न संगठनों ने सम्मान किया। तनिष्क ने प्रशंसकों से मुलाकात कर चाय-अल्पाहार किया और उनके अपार प्रेम के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### इन स्थानों पर हुआ नागरिक अभिनंदन

रैली के दौरान कमलेश अग्रवाल कार्यालय, डिलाइट चौराहा, सेंट थॉमस स्कूल, सेंट अलॉयसियस संस्थान, क्राइस्ट चर्च स्कूल, जबलपुर क्लब, अजाक्स कर्मचारी संघ, ड्रग्स एंड केमिस्ट एसोसिएशन और होम साइंस कॉलेज के सामने उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके अलावा सांसद कार्यालय में नीरज शर्मा एवं सहयोगियों ने, गेट नंबर-4 पर पार्षद अमरीश मिश्रा, रानीताल भाजपा कार्यालय में भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल एवं लक्ष्मी बेन, आगा चौक पर निकिता दुबे राय, बलदेवबाग में आशीष शुक्ला (यश भारत) एवं चंद्रशेखर दवे, आरसी कॉम्प्लेक्स में पार्षद प्रतिभा भांपकर, गोहलपुर चौक में रूपेश 'पिंटू' पटेल तथा दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, धनी की कुटिया में डॉ. विनोद दुबे के नेतृत्व में अभिनंदन किया गया। इस आशीर्वाद रैली के समन्वय एवं संपर्क की जिम्मेदारी शैलेंद्र शुक्ला, विवेक चौधरी एवं आशीष इन्दुरख्या ने संभाली।

### मुंबई रवानगी और वोटिंग की भावुक अपील

तनिष्क शुक्ला आज 10 जुलाई की सुबह डुमना एयरपोर्ट से मुंबई रवाना होंगे, जहां वे 'इंडियन आइडल-16' के ग्रैंड फिनाले की तैयारियों में शामिल होंगे। उन्होंने जबलपुर सहित पूरे मध्यप्रदेश और देशभर के अपने समर्थकों से अपील की कि वे 18 और 19 जुलाई को रात 8 बजे से सोनी लिव ऐप पर अधिक से अधिक मतदान कर उन्हें विजयी बनाएं। तनिष्क ने कहा कि अब तक मिली सफलता केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे जबलपुर और मध्यप्रदेश की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शहरवासियों का आशीर्वाद और प्रेम उन्हें ग्रैंड फिनाले में भी सफलता दिलाएगा।

### शहीद स्मारक में सजी सुरों की महफिल

तनिष्क के सम्मान में गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में विशेष लाइव कॉन्सर्ट का आयोजन किया गया। इस सुरमयी संध्या में तनिष्क ने अपनी लोकप्रिय प्रस्तुतियों से हजारों संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साहपूर्ण नारों से उनका लगातार हौसला बढ़ाया। गृह नगर पहुंचने के बाद तनिष्क ने मां नर्मदा का विधिवत पूजन-अर्चन कर ग्रैंड फिनाले में सफलता और विजय का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा और संस्कारधानी के लोगों का स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है तथा वे पूरे जबलपुर का नाम रोशन करने का भरसक प्रयास करेंगे।



# तनावमुक्त शिक्षक ही गढ़ेंगे स्वस्थ पीढ़ी : डीईओ बर्वे




**नवभारत, जबलपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के तहत हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गत दिवस संपन्न हुआ। जिले के विभिन्न विद्यालयों से चयनित 101 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। विभिन्न चरणों में आयोजित समारोह के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे ने कहा की उमंग कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देना नहीं, बल्कि विद्यालयों में ऐसा सकारात्मक, सुरक्षित और संवेदनशील वातावरण तैयार करना है, जहां प्रत्येक विद्यार्थी शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रह सके। उन्होंने प्रशिक्षित शिक्षकों से अपने-अपने विद्यालयों में हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर के रूप में स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन कौशल से जुड़ी गतिविधियों का नियमित संचालन करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा की शिक्षक स्वयं भी तनावमुक्त रहें और विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास तथा संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करें। उनके अनुसार स्वस्थ शिक्षक ही स्वस्थ और जागरूक पीढ़ी का निर्माण कर सकते हैं। इस मौके पर उपस्थित रहे विशिष्ट अतिथि जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी ने कहा की वर्तमान समय में बच्चों के समग्र विकास के लिए मानसिक स्वास्थ्य और जीवन कौशल अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थी संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित व्यायाम, योग, भावनात्मक संतुलन और तनाव प्रबंधन जैसी जीवनोपयोगी आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। इससे उनका शैक्षणिक प्रदर्शन बेहतर होने के साथ वे जिम्मेदार और स्वस्थ नागरिक के रूप में विकसित होंगे।

### विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य के विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने किशोर स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, नशामुक्ति जागरूकता, जीवन कौशल शिक्षा, योग एवं तनाव प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। सत्रों का संचालन प्रतिभा दुबे सहित विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने किया। समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर शिक्षकों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा, ए आई सेक्ट के स्टेट हेड निशांत श्रीवास्तव, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर बृजेश त्रिवेदी, माया सिंह, मनीषा सोनी सहित शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### महिला नागरिक सहकारी बैंक की 30वीं वार्षिक आम सभा 11 को

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर महिला नागरिक सहकारी बैंक, पाण्डे चौक, निवाड़गंज की 30वीं वार्षिक आम सभा आगामी शनिवार, 11 जुलाई को करमचंद चौक स्थित इण्डियन कॉफी हाउस में होगी। बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैंक की सभी अंशधारी महिलाओं से अपील की है कि वे तय तारीख, समय और स्थान पर उपस्थित होकर इस सभा में अपनी भागीदारी निश्चित करें।

### चौरसिया प्रतिभा सम्मान के लिए आवेदन 10 अगस्त तक

**नवभारत, जबलपुर।** चौरसिया समाज जबलपुर द्वारा रविवार, 23 अगस्त को मानस भवन, राइट टाउन में दोपहर 2 बजे से 38वें 'चौरसिया दिवस समारोह' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं और उत्कृष्ट विभूतियों का सम्मान होगा। समारोह संयोजक एम.आर. राहुल चौरसिया और समाज अध्यक्ष शिव कुमार चौरसिया ने बताया कि प्रतिभा सम्मान के लिए पात्र प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियाँ सोमवार, 10 अगस्त तक आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ निर्धारित केंद्रों पर जमा कर सकते हैं। पात्रता के तहत नर्सरी से 5वीं तक 70%, 6वीं से 8वीं तक 65% और 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक 60% या अधिक अंक वाले विद्यार्थियों के साथ ही नीट, जेईई, पीएससी, खेलकूद और कला के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। इस विषय में मीडिया प्रभारी अनिकेत चौरसिया ने कहा कि समारोह के पुरस्कार प्रतिभागी स्वयं या उनके परिजन मंच से ही प्राप्त करेंगे और कार्यक्रम के बाद पुरस्कार देने की जिम्मेदारी समिति की नहीं होगी।

# अंतस संस्था के कार्यक्रम में गूंजे सुहावने मनभावन गीत

**नवभारत, जबलपुर।** अंतस साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था के तत्वाधान में 'क्या मौसम आया है' कार्यक्रम में गायकों ने सुहावने मनभावन गीतों की प्रस्तुतियां दीं, जिसमें संस्था के संस्थापक डॉ. अनिल कुमार कोरी ने सभी गायक कलाकारों और वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर 'क्या मौसम आया है', 'एक सवाल मैं करूं', 'ऊंची ऊंची दुनिया की दीवारें तोड़कर', 'जाने कैसे कब कहां इकरार', 'लाख तारे आसमान पर', 'जादूगर तेरे नैना', 'अफसाना लिख रही हूं', 'तेरे प्यार का आसरा चाहता हूं', 'छुपा लो यूं दिल में प्यार मेरा', 'ओ सजना बरखा बहार आई' और 'छाप तिलक सब छीनी मोसे नैना मिलाइके' जैसे गीत प्रस्तुत किए गए। इन सुमधुर प्रस्तुतियों से कलाकारों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम का संयोजन राजेश तिवारी, मार्गदर्शन राजेश पाठक प्रवीण, संरक्षण सरोज संतोषी और समन्वयन संदीप बनोधा ने किया।

### कई जाने-माने कलाकारों ने दीं प्रस्तुतियां

गीतों की प्रस्तुति देने वालों में कमलकांत उपाध्याय, पी.डी.दीक्षित, इंजी. अरुण भटनागर, राजा बेंज, आर.एस. चंदेल, सौरभ संतोषी, सलिल तिवारी, चंद्रशेखर गावंडे, मनीष श्रीवास्तव, डॉ. अनामिका श्रीवास्तव, अर्चना गोस्वामी, माया पांडे, डॉ. आज्ञा मिश्रा, रचना श्रीवास्तव, आयशा खान, रंजना गुप्ता, खुशबू पैगवार और निशा पैगवार शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजू गौरे ने किया और आभार विनीता पैगवार विधि ने व्यक्त किया। दर्शकों के रूप में जादूगर एस.के. निगम, डॉ. ए.के. शर्मा, बीना शर्मा, डॉ. शशि लडिया, मीना भट्ट, पुरुषोतम भट्ट, संतोष नेमा, राकेश पैगवार, एड. विजय पांडे, रश्मि पाठक, चंद्रवती पैगवार, इंजी. हर्ष श्रीवास्तव, रजनी श्रीवास्तव और गोविंद डागोर उपस्थित रहे।

# सुधीर दुबे के नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 175 मरीजों का हुआ परीक्षण

नवभारत, जबलपुर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव और समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे द्वारा रावण पार्क के पास अपने निवास स्थान पर 8 जुलाई दिन बुधवार को 65वां विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर में कुल 175 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन स्थापक की टीम के डॉ. देशपांडे द्वारा 90 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें से 11 लोगों में मोतियाबिंद पाकर उन्हें ऑपरेशन के लिए अस्पताल भेजा गया और 43 मरीजों को नि:शुल्क चश्मे बांटे गए। इसके साथ ही डेंटल चिकित्सक डॉ. अखिलेश मूलचंदानी ने 15 लोगों का परीक्षण कर कुछ को अपने प्राइवेट चिकित्सालय बुलाया, जबकि महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा राय ने 19 महिलाओं का उपचार कर उन्हें दवाईयां दी। वहीं चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. आयुषी स्थापक करसोलिया द्वारा भी 15 मरीजों का उपचार कर उन्हें निशुल्क दवाईयां बांटी गईं।



### पिछले 8 वर्षों से निरंतर चल रहा है शिविर

इस दौरान समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे ने बताया कि रांझी शासकीय अस्पताल में सुविधाओं की कमी और डॉक्टरों द्वारा बाहर की दवा लिखे जाने के कारण पिछले 8 वर्षों से यह शिविर निरंतर चलाया जा रहा है। इसका लाभ रांझी उप नगरीय क्षेत्र सहित गोकलपुर, करौंदी, चंद्रशेखर, अंबेडकर, सुदर्शन, लाला लाजपत राय वार्ड, बिलपुरा, पिपरिया और तिघरा तक के मरीज ले रहे हैं। इस कैंप में शहर के जाने-माने शिशु रोग, नाक-कान-गला, हार्ट और अस्थि रोग विशेषज्ञ आकर गरीब मरीजों का निशुल्क इलाज करते हैं और जरूरत पड़ने पर प्राइवेट अस्पतालों में भी उनका मुफ्त इलाज कराया जाता है, जिससे अब तक कुल 1,70,872 मरीज लाभ ले चुके हैं और 9,344 मरीजों के निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कराए जा चुके हैं।

# संविदा, आउटसोर्स और नियमित बिजली कर्मियों की मांगों पर चर्चा



**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन की इंदौर क्षेत्र में हुई दो दिवसीय बैठकों में संविदा, आउटसोर्स, नियमित कर्मचारियों और पेंशनर्स की मांगों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी. पी. पाठक ने सभी श्रेणियों के कार्मिकों की समस्याओं को तत्परता से प्रबंधन के समक्ष रखने के लिए संगठन को एकजुट और सक्रिय करने की आवश्यकता पर बल दिया। फेडरेशन की मुख्य मांगों में 15 वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मियों को बिना शर्त नियमित करना, नई भर्ती में आउटसोर्स कर्मचारियों को 50 प्रतिशत आरक्षण देना और वेतन विसंगतियों को दूर करना शामिल है। इसके अलावा पेंशनर्स के हित में धारा 49 को समाप्त करने, महंगाई राहत देने और राज्य सरकार द्वारा पेंशन की गारंटी लेने की बात भी उठाई गई। इन प्रमुख मांगों को लेकर फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी. पी. पाठक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य महाप्रबंधक से सौजन्य भेंट कर संविदा कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी एक्ट 1972 के प्रावधानों के आदेश जारी करने के साथ ही अन्य श्रमिक समस्याओं पर चर्चा की।

### मुख्य महाप्रबंधक ने फेडरेशन को दिया आश्वासन

मुख्य महाप्रबंधक ने फेडरेशन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि संविदा कर्मियों के लिए ग्रेजुएटी के आदेश शीघ्र जारी किए जाएंगे और अन्य सभी लंबित विषयों का भी जल्द ही उचित निराकरण किया जाएगा। इस प्रतिनिधिमंडल में एन. के. यादव, उमाशंकर मेहता, मदन वर्मा, अफसार अहमद, रामेश्वर गांगे, दिलीप शर्मा, दीपेश दुबे, गोपाल चौहान, सुभाष भदौरिया, उम्मेद सिंह राजपूत, एन. के. जैन, प्रकाश व्यास, वीरेंद्र प्रताप सिंह, कन्हैया लाल परमार, आत्मा राम खरेडिया, मदनलाल, किशोर सोनी, जे. एल. जोशी, कार्तिक शर्मा और पुष्पेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में साथी शामिल रहे।

# लोक निर्माण विभाग में 19 कर्मचारियों की पदोन्नति



**नवभारत, जबलपुर।** लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर में कार्यरत अनुरेखक (सिविल) और अनुरेखक (विद्युत/यांत्रिकी) को सहायक मानचित्रकार के पद पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक पदोन्नत कर यथास्थान पदस्थ किया गया है। यह पदोन्नति मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग सेवा भर्ती तथा सेवा शर्तें नियम 1972 एवं शासन द्वारा समय-समय पर किए गए संशोधनों में निहित प्रावधान के तहत की गई है। इस निर्णय के तहत सिविल शाखा में जितेन्द्र देव वाल्दे, कृष्णा अडमें, अशोक कुमार ठाकुर, राकेश मून, लल्लू दहायत, धनीराम बिलझारिया, रघुराज सिंह सल्लाम, दिवाकर रामटेक, आशा आरख, आर.एन. पटेल, डी.एस. राजपूत, डी.सी. चौधरी, शैलेन्द्र तिवारी, राजेश कुमार कोष्टी और शिवदयाल प्रधान को पदोन्नत किया गया है।

### राज्य कर्मचारी संघ ने जताया आभार

इसी तरह विद्युत/यांत्रिकी शाखा में गेंदराव सोनकुवर, अभय मस्के, मुकेश वर्मा और दुर्गेश खातरकर को पदोन्नति दी गई है। प्रदेश शासन के आदेशों के अनुसार लोक निर्माण विभाग में पदोन्नति आदेश जारी करने पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, जी.पी. द्विवेदी, अर्जुन सोमवंशी, सुशील गुप्ता, राजा राम डहरिया, नितिन सेलेट, आशीष नामदेव, गुलाब कोस्टा और अरविंद शाहू ने मुख्य अभियंता आनंद प्रकाश राणे का आभार जताया है। संघ की लंबे समय से लंबित मांग पूरी होने से कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है।

# शासकीय कन्या विद्यालय में रोटरी क्लब ने बांटी कॉपियां

**नवभारत, जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेरीताल में प्रथम चरण के दौरान 225 से अधिक जरूरतमंद कन्याओं को नि:शुल्क कॉपियों का वितरण किया गया। इसके साथ ही विद्यालय में पिछले वर्ष कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने वाली तीन मेधावी छात्राओं का उनकी शानदार सफलता पर विशेष सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष अखिल खंडेलवाल ने छात्राओं को आश्वस्त किया कि करियर बनाने के लिए भविष्य में जो भी सहायता की आवश्यकता होगी, वह उसे पूर्ण करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से चेरीताल वार्ड की पार्षद प्रतिभा भापकर, विधयेश भापकर, पूर्व अध्यक्ष सारंग भिड़े, सचिव आशीष गुप्ता, नरेंद्र बत्रा, राकेश गिदरोनिया, उमंग अग्रवाल, प्रशांत नागायच, अतुल राजपूत, अनूप रिछारिया, शाला प्राचार्य एवं समस्त गुरुजन उपस्थित थे।




# पुलिसकर्मियों को दिए गए साइबर फ्रॉड से बचाव के टिप्स

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशव्यापी 'सेफ़ क्लिक 2.0' साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत 6वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, जबलपुर में एक साइबर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। सेनानी सिद्धार्थ चौधरी के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में उप-सेनानी मुकेश कुमार वैश्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान जबलपुर साइबर सेल की टीम से निरीक्षक निलेश अहिरवार, उपनिरीक्षक अर्चना ठाकुर एवं अंकित ठाकुर द्वारा साइबर फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, हैकिंग, सोशल मीडिया सुरक्षा और ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों सहित सुरक्षित डिजिटल व्यवहार संबंधी उपयोगी जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में इकाई के लगभग 200 पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर साइबर अपराधों की रोकथाम एवं उनसे बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।



### पुलिसकर्मियों ने ली साइबर सुरक्षा की शपथ

कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा साइबर जागरूकता शपथ ग्रहण कर साइबर सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के संकल्प के साथ किया गया। इस प्रकार का आयोजन पुलिस कर्मियों को नवीनतम साइबर अपराधों के प्रति सजग एवं सक्षम बनाने के साथ-साथ समाज में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। इस अवसर पर उप-सेनानी मोनिका तिवारी, सहायक सेनानी मेहंती मरावी एवं एडजुटेंट विजय अंभोरे सहित कई पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

ध्यान सत्र | तनावमुक्त और एकाग्र कार्यशैली पर जोर, एयरपोर्ट में ध्यान सत्र आयोजित

# सकारात्मक कार्य वातावरण के लिए कर्मचारियों का ध्यान सत्र

**नवभारत जबलपुर।** एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा जबलपुर डुमना विमान तल में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और कार्यकुशलता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से गत दिवस 'इनर क्लैरिटी फॉर ऑपरेशनल एक्सीलेंस' विषय पर विशेष ज्ञान एवं ध्यान सत्र आयोजित किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों में मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक संतुलन, सकारात्मक सोच और बेहतर निर्णय क्षमता विकसित कर सुरक्षित एवं प्रभावी विमानन संचालन को मजबूती प्रदान करना था। आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक ऋतु राज असाटी ने कहा की वर्तमान समय में अधिकांश शारीरिक और मानसिक समस्याओं की जड़ तनाव है। यदि तनाव का समय रहते मानसिक स्तर पर ही समाधान कर लिया जाए तो अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि ध्यान, योग और श्वास की वैज्ञानिक तकनीकें व्यक्ति को मानसिक शांति, एकाग्रता और बेहतर निर्णय क्षमता प्रदान करती हैं, जो विमानन जैसे अत्यधिक जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा की मन की अशांति केवल व्यक्तिगत जीवन ही नहीं, बल्कि सामाजिक समस्याओं का भी प्रमुख कारण बनती है। इसलिए मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आज समय की आवश्यकता है। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को विशेष ध्यान कराया गया, जिससे उन्होंने मानसिक शांति और आंतरिक स्थिरता का अनुभव किया।




### मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है ध्यान

जबलपुर डुमना विमान तल के निदेशक राजीव रत्न पाण्डेय ने कहा की एयरपोर्ट पर कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करता है। ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक संतुलन पर आधारित इस प्रकार के कार्यक्रम कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ सकारात्मक कार्य संस्कृति विकसित करने में भी सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल कर्मचारियों के समग्र कल्याण के साथ सुरक्षित एवं सुचारु विमानन संचालन को भी सुदृढ़ करेगी।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भारत सरकार के पूर्व सहायक सॉलिसिटर जनरल राधेलाल गुप्ता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं सुरक्षा कर्मियों ने सहभागिता की। आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से जय दुबे, सोनू बोथरा, आदित्य तिवारी एवं श्रद्धा मिश्रा भी उपस्थित रहे।

### सकारात्मक कार्य वातावरण में ध्यान की महत्वपूर्ण भूमिका

इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक नीरज गुड़वानी ने बताया की ध्यान एवं श्वास की सरल तकनीकों से प्रतिभागियों ने स्वयं को अधिक शांत, ऊर्जावान और केंद्रित महसूस किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन संस्थान में सहयोगात्मक और सकारात्मक कार्य वातावरण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# कोविड योद्धा डॉ . गोस्वामी के सेवा समर्पण का सम्मान

**नवभारत जबलपुर।** कोविड-19 महामारी के कठिन दौर में मानव सेवा को सर्वोपरि रखते हुए दिन-रात मरीजों की निस्वार्थ सेवा करने वाले वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. गोस्वामी पुष्पदेवानंद सरस्वती को मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने सम्मानित किया। संगठन ने उनके समर्पण, सेवा भावना और चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। सम्मान समारोह में संगठन के पदाधिकारियों ने कहा की जब पूरा देश कोरोना महामारी की चुनौती से जूझ रहा था, तब डॉ. गोस्वामी ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा और सुविधाओं से ऊपर उठकर 24 घंटे मरीजों के उपचार में स्वयं को समर्पित रखा। संकट की उस घड़ी में उन्होंने निरंतर चिकित्सा सेवाएं देकर मानवता और चिकित्सकीय दायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

वक्ताओं ने कहा की डॉ. गोस्वामी ने अपने सेवा भाव से यह सिद्ध किया की चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में उनका योगदान भी हमेशा सराहनीय रहा है। सेवा सम्मान कार्यक्रम के दौरान संगठन ने कहा की समाज को ऐसे समर्पित चिकित्सकों पर गर्व है, जो हर परिस्थिति में अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखते हैं। इसी सेवा भावना और उल्लेखनीय योगदान के सम्मान स्वरूप डॉ. गोस्वामी पुष्पदेवानंद सरस्वती को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में संगठन ने डॉ. गोस्वामी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आगे भी इसी समर्पण और मानवीय संवेदनाओं के साथ समाज की सेवा करते रहेंगे।

